**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–13.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तर प्रदेश की संगम नगरी प्रयागराज के दौरे पर हैं। श्री मोदी लगभग सात हजार करोड़ रूपये की महाकुंभ परियोजना का उद्घाटन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री महाकुंभ 2025 का औपचारिक उद्घाटन भी करेंगे जो आधिकारिक रूप से अगले वर्ष 13 जनवरी से शुरू होगा। श्री मोदी आज दोपहर प्रयागराज पहुंचे और पूजा अर्चना की। उन्होंने संगम नोज, अक्षय वट वृक्ष, हनुमान मंदिर और सरस्वती कूप के दर्शन भी किए। उन्होंने कुंभ की तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए संगम क्षेत्र में क्रूज से यात्रा भी की। इस कुंभ में भक्तों के लिए क्रूज सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

****************

लोकसभा में आज भारतीय संविधान के 75 वर्ष की शानदार यात्रा पर विशेष चर्चा शुरू हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक जीवन की सभी पहलुओं को स्पर्श करते हुए राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त्र किया। उन्होंने कहा कि संविधान देश के सांस्कृतिक मूल्यों की अभिव्यक्ति है।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज से दो दिवसीय संताल परगना के दौरे को लेकर देवघर पहुंच चुके हैं। मुख्यमंत्री इस दौरान देवघर, बासुकीनाथ और भोगनाडीह जाएंगे और रात्रि विश्राम पतना स्थित अपने घर में करेंगे। मुख्यमंत्री आज बाबा बैद्यनाथ और बासुकीनाथ मंदिर में पूर्जा–अर्चना करेंगे। अगले दिन 14 दिसंबर को भोगनाडीह में सिदो–कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे और आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। श्री सोरेन विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और परिसंपत्तियों का वितरण भी करेंगे।

****************

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर आज गुमला दौरे पर हैं। मंत्री ने आज समाहरणालय सभागार में जिले में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की।

****************

खूंटी जिले के कई प्रगतिशील किसान और महिला समूह लुप्त हो रहे मोटे अनाज और तेलहन को फिर से संरक्षित और संवर्धित कर स्वरोजगार को बढ़ावा दे रहे हैं।

****************

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने राज्य के सभी जिलों में 18 दिसंबर को जन शिकायत कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश जिलों के एसएसपी और एसपी को दिया है। जिसमें आमलोग पुलिस के एडीजी, आइजी और डीआइजी रैंक के अफसरों के सामने अपनी समस्या रखेंगे।

****************

राष्ट्र आज उन सुरक्षाकर्मियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है, जिन्होंने 23 साल पहले 13 दिसंबर 2001 को आतंकवादी हमले के दौरान संसद की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवा दी थी। राष्ट्रंपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज संसद भवन में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहीदों के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। इधर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

****************

राज्य में अगले तीन दिनों तक शीतलहर की स्थिति रह सकती है। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के 10 जिलों में शीतलहरी का प्रकोप रहेगा। इसका असर धनबाद, बोकारो, रामगढ़, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, चतरा, पलामू और गढ़वा में देखने को मिलेगा। वहीं उत्तरी पछुआ हवा चलने से कनकनी और अधिक बढ़ेगी। पिछले 24 घंटे के दौरान तापमान में 4 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। रांची, जमशेदपुर, डालटनगंज, बोकारो और चाईबासा में भी न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। सबसे न्यूनतम तापमान गढ़वा में 5 दशमलव .4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

*******समाप्त*******